भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 72

जिसका उत्तर सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक) को दिया गया

तमिलनाडु में प्रधान मंत्री मुद्रा योजना

†72. डॉ. रानी श्रीकुमार:
श्री सी. एन. अन्नादुरई
क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तमिलनाडु ने सभी राज्यों में प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत ऋणों के उच्चतम संचयी संवितरण (क्यूम्यूलेटिव डिस्बर्सल) दर्ज किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में तेनकासी और तिरुवण्णामलै जिले में संस्वीकृत ऋणों की संख्या और मूल्य सहित संस्वीकृत और संवितरित मुद्रा ऋणों का श्रेणी-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य में रोजगार सृजन, महिला उद्यमियों और सूक्ष्म उद्यमों पर पीएमएमवाई ऋणों के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार तमिलनाडु के कुछ जिलों में पीएमएमवाई के तहत अपर्याप्त ऋण प्रवाह, उच्च अस्वीकृति दरों और आवेदनों की कार्रवाई में देरी के संबंध में शिकायतों से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु में कोलेटरल-फ्री ऋण तक पहुंच में सुधार करने और पीएमएमवाई की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): तमिलनाडु के सभी राज्यों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत ऋणों का दूसरा सबसे अधिक संचयी संवितरण दर्ज किया है। यह ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख): तमिलनाडु के तेनकासी और तिरुवण्णामलै जिले सहित पिछले तीन वर्ष और मौजूदा वर्ष के दौरान, श्रेणी-वार और जिला-वार स्वीकृत मुद्रा ऋणों की संख्या के साथ-साथ स्वीकृत एवं संवितरित राशि का ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

(ग): राज्य में रोजगार सृजन, महिला उद्यमियों और सूक्ष्म उद्यमों पर पीएमएमवाई ऋणों के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई विशिष्ट मूल्यांकन नहीं किया गया है। तथापि, श्रम और रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) ने पीएमएमवाई के अंतर्गत रोजगार सृजन का अनुमान लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक विस्तृत सैंपल सर्वेक्षण किया है। सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, पीएमएमवाई ने लगभग 3 वर्ष (अर्थात 2015 से 2018 तक) की अवधि के दौरान 1.12 करोड़ निवल अतिरिक्त रोजगार का सृजन करने में मदद की है। इसके अलावा, तमिलनाडु राज्य में पीएमएमवाई के अंतर्गत इसके शुभारंभ से महिला उधारकर्ताओं को लगभग 68 प्रतिशत ऋण दिए गए हैं।

(घ) और (ङ) नागरिक अपने मुद्दों को सीधे संबंधित बैंक शाखाओं के माध्यम से सुलझाने के लिए किसी भी सहायता हेतु ऑनलाइन पोर्टल और ग्राहक सेवा नंबरों के माध्यम से बैंकों से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक बैंक का निदेशक मंडल ग्राहकों की शिकायतों के समाधान के लिए संगठन के भीतर उपयुक्त शिकायत निवारण तंत्र निर्धारित करता है। यदि आरबीआई द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई सेवाओं में कमी से जुड़ी शिकायतों का ग्राहकों की संतुष्टि के अनुसार समाधान नहीं किया जाता है या विनियमित इकाई द्वारा 30 दिनों की अवधि के भीतर जवाब नहीं दिया जाता है, तो ग्राहक "रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, 2021" से संपर्क कर सकता है जो शिकायतों का निःशुल्क निवारण करता है। भारत सरकार द्वारा एक वेब-आधारित पोर्टल अर्थात केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएम) भी कार्यान्वित की गई है, जिसमें नागरिक भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों या राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

सरकार ने मुद्रा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में विभिन्न उपाय किए हैं। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रचार अभियान, आवेदन पत्र का सरलीकरण, ऋण गारंटी योजना, मुद्रा नोडल अधिकारी का नामांकन, सरकार और बैंकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा शामिल हैं। इसके अलावा, योजना के कार्यान्वयन और प्रगति की समीक्षा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) और जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) स्तरों पर की जाती है।

*****

"तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना" के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 72 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध I

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना - राज्यवार (दिनांक 08.04.2015 से 26.06.2026* तक)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	ऋण खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	58,182	1,352.55	1,329.01
2	आंध्र प्रदेश	1,20,35,266	1,56,269.72	1,50,356.15
3	अरुणाचल प्रदेश	2,05,989	2,688.27	2,621.35
4	असम	1,32,46,354	83,718.51	82,064.19
5	बिहार	6,88,54,339	3,79,201.93	3,64,065.68
6	चंडीगढ़	2,13,127	3,796.77	3,687.10
7	छत्तीसगढ़	1,12,01,623	75,985.93	72,558.72
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	49,830	1,024.83	989.22
9	दिल्ली	38,24,355	50,366.41	49,251.68
10	गोवा	4,21,561	6,412.10	6,172.52
11	गुजरात	1,78,86,208	1,62,537.27	1,60,193.27
12	हरियाणा	1,07,16,727	90,335.48	87,961.70
13	हिमाचल प्रदेश	13,18,923	27,620.57	26,483.84
14	जम्मू और कश्मीर	26,57,613	60,240.10	57,612.85
15	झारखंड	1,74,56,563	1,01,375.95	98,498.40
16	कर्नाटक	5,46,36,887	3,67,758.64	3,63,384.67
17	केरल	1,92,07,395	1,46,067.69	1,44,040.82
18	लद्दाख	76,253	2,314.96	2,271.94
19	लक्षद्वीप	14,851	247.63	239.29
20	मध्य प्रदेश	3,57,00,201	2,30,675.07	2,20,364.98
21	महाराष्ट्र	4,70,28,818	3,53,959.37	3,47,814.89
22	मणिपुर	4,95,773	3,974.01	3,775.73
23	मेघालय	3,45,306	3,701.56	3,630.06
24	मिजोरम	1,99,870	3,675.22	3,551.94
25	नागालैंड	2,09,940	3,196.23	3,063.02
26	ओडिशा	3,68,65,571	1,88,225.54	1,84,790.22
27	पांडिचेरी	13,31,104	9,106.09	9,002.02
28	पंजाब	1,08,37,513	96,353.80	92,500.36
29	राजस्थान	2,55,91,381	2,18,423.22	2,15,199.63
30	सिक्किम	1,94,827	2,177.23	2,116.03
31	तमिलनाडु	6,35,81,922	3,96,092.94	3,92,470.00
32	तेलंगाना	91,37,766	96,989.89	95,384.81
33	त्रिपुरा	36,07,899	22,282.90	21,891.50
34	उत्तर प्रदेश	6,02,40,496	4,23,746.23	4,13,642.46
35	उत्तराखंड	37,40,726	38,323.08	37,389.66
36	पश्चिम बंगाल	5,82,58,439	3,61,324.36	3,55,685.40
	कुल	**59,14,49,598**	**41,71,542.05**	**40,76,055.11**

*अनंतिम

स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य ऋणदात्री संस्थानों (एमएलआई) द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार

अनुबंध II

"तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना" के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 72 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध II

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना – ज़िले-वार/श्रेणी-वार (दिनांक 01.04.2023 से 26.06.2026 तक*)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य/जिला	शिशु			किशोर			तरूण			तरुण प्लस			कुल		
	तमिलनाडु	ऋण खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि	ऋण खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि	ऋण खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि	ऋण खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि	ऋण खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि
1	अरियालुर	70,311	282.88	282.10	67,993	611.11	607.85	2,496	199.33	198.28	85	11.94	11.93	140,885	1,105.25	1,100.18
2	चेंगलपेट	97,819	370.42	369.50	172,102	2,130.73	2,122.73	9,062	718.15	710.92	477	78.26	78.14	279,460	3,297.57	3,281.28
3	चेन्नई	329,548	1,198.88	1,195.89	340,104	4,272.58	4,232.63	43,624	4,433.46	4,378.62	1,471	224.76	222.09	714,747	10,129.67	10,029.24
4	कोयंबटूर	286,334	1,074.01	1,071.56	336,318	3,998.38	3,972.63	27,093	2,204.04	2,175.76	791	116.26	115.02	650,536	7,392.70	7,334.97
5	कुड्डालोर	312,310	1,288.05	1,285.41	407,031	3,898.34	3,881.23	10,905	849.89	844.99	379	52.05	51.84	730,625	6,088.31	6,063.48
6	धर्मपुरी	101,081	397.79	396.48	105,774	1,303.32	1,292.45	9,766	781.12	774.00	125	19.11	18.73	216,746	2,501.32	2,481.66
7	डिंडीगुल	174,542	690.49	689.31	202,124	2,073.95	2,063.15	9,360	753.83	748.66	157	22.88	22.70	386,183	3,541.14	3,523.82
8	इरोड	189,528	721.17	719.49	251,528	2,638.87	2,627.27	11,493	933.61	920.48	379	48.76	48.44	452,928	4,342.42	4,315.68
9	कल्लाकुरिची	82,258	331.21	329.87	106,971	1,122.30	1,115.24	4,697	367.41	364.15	66	9.62	9.62	193,992	1,830.53	1,818.87
10	कांचीपुरम	219,412	905.74	904.60	318,770	3,565.03	3,551.42	13,188	1,051.37	1,040.12	329	48.38	47.95	551,699	5,570.53	5,544.10
11	कन्याकुमारी	135,213	524.83	523.78	177,727	2,229.71	2,223.63	12,252	979.66	974.77	506	69.50	69.44	325,698	3,803.71	3,791.61
12	करूर	51,280	195.75	195.10	59,558	656.30	649.34	3,988	319.31	314.97	148	21.76	21.61	114,974	1,193.11	1,181.00
13	कृष्णागिरी	96,892	380.50	379.56	99,585	1,289.25	1,279.83	14,984	1,198.95	1,190.57	292	41.62	41.16	211,753	2,910.30	2,891.10
14	मदुरै	280,126	1,099.87	1,098.51	334,697	3,493.24	3,470.41	17,665	1,433.31	1,420.09	278	42.08	41.63	632,766	6,068.50	6,030.65
15	माइलादुत्रयी	63,557	252.70	252.60	74,626	705.55	703.87	2,037	163.32	162.34	40	5.43	5.43	140,260	1,126.99	1,124.22
16	नागपट्टिनम	158,255	609.94	608.24	184,489	1,790.34	1,784.89	4,130	334.02	329.92	76	11.95	11.95	346,950	2,746.27	2,735.00
17	नमक्कल	141,951	570.46	568.99	187,142	2,127.01	2,115.75	8,631	699.95	689.47	391	55.68	55.01	338,115	3,453.11	3,429.22
18	नीलगिरी	63,381	236.74	236.12	58,132	613.49	610.63	2,816	235.90	233.14	113	11.03	10.72	124,442	1,097.15	1,090.61
19	पेरम्बलुर	29,247	113.60	113.04	38,607	462.24	450.32	2,653	207.90	204.81	57	8.12	8.06	70,564	791.88	776.21
20	पुदुक्कोट्टई	120,602	462.29	461.36	158,131	1,561.86	1,550.83	6,538	516.26	511.75	104	15.14	15.14	285,375	2,555.56	2,539.08
21	रामनाथपुरम	158,973	606.37	604.82	151,731	1,688.20	1,673.01	5,812	455.38	450.62	40	6.39	6.39	316,556	2,756.35	2,734.82

22	रानीपेट	43,156	168.77	168.12	51,743	554.68	550.03	2,387	193.30	191.51	131	19.24	19.24	97,417	936.00	928.90
23	सलेम	269,340	1,034.63	1,032.82	323,629	3,528.16	3,507.55	17,650	1,422.26	1,406.31	596	89.21	87.97	611,215	6,074.25	6,034.64
24	शिवगंगा	142,042	549.78	548.78	143,267	1,537.21	1,531.32	6,456	501.78	498.80	133	19.21	19.16	291,898	2,607.98	2,598.07
25	तेनकासी	57,856	210.86	210.72	73,197	737.13	735.40	2,931	224.04	222.65	48	6.52	6.52	134,032	1,178.54	1,175.28
26	तंजावुर	270,105	1,085.84	1,084.81	359,130	3,329.19	3,316.80	11,865	978.37	971.65	487	82.26	81.37	641,587	5,475.68	5,454.62
27	थेनी	106,828	420.97	420.35	135,915	1,357.54	1,352.22	6,170	507.59	503.52	75	11.50	11.50	248,988	2,297.61	2,287.59
28	तिरुवल्लुर	241,248	933.96	931.83	326,317	3,502.90	3,489.76	14,887	1,231.40	1,215.97	894	151.38	151.05	583,346	5,819.65	5,788.60
29	थिरुवरुर	192,726	790.73	789.87	202,104	1,752.73	1,746.09	3,302	267.40	265.51	110	18.13	18.10	398,242	2,828.99	2,819.56
30	थूथुकुडी	148,484	559.44	557.13	165,218	1,839.34	1,833.19	8,429	683.22	679.10	102	15.73	15.73	322,233	3,097.71	3,085.13
31	तिरुचिरापल्ली	241,801	955.10	952.11	491,170	6,899.45	6,866.87	12,477	3,005.60	2,992.91	357	48.75	48.35	745,805	10,908.89	10,860.23
32	तिरुनेलवेली	207,772	810.01	807.73	235,019	2,446.07	2,436.23	9,744	785.44	781.28	208	29.51	29.49	452,743	4,071.02	4,054.75
33	तिरुपत्तूर	54,392	220.94	220.65	59,565	579.90	576.27	3,335	263.72	261.42	100	16.06	16.06	117,392	1,080.61	1,074.39
34	तिरुपूर	212,021	771.96	770.12	204,394	2,137.54	2,121.63	13,760	1,132.40	1,108.13	412	58.42	57.45	430,587	4,100.31	4,057.32
35	तिरुवन्नामलाई	218,285	912.31	910.07	265,498	2,689.15	2,665.23	8,417	662.15	656.82	307	39.88	39.74	492,507	4,303.48	4,271.86
36	वेल्लोर	282,915	1,181.23	1,178.91	276,231	2,705.25	2,693.72	8,136	654.48	646.18	186	29.79	29.45	567,468	4,570.74	4,548.27
37	विलुप्पुरम	205,429	863.77	861.46	222,427	2,192.07	2,165.79	8,927	699.47	694.07	170	25.78	25.75	436,953	3,781.08	3,747.05
38	विरुधुनगर	162,070	629.03	628.07	194,690	1,981.75	1,975.15	7,754	614.32	606.56	178	23.25	23.19	364,692	3,248.38	3,232.97
39	अन्य #	568,729	2,659.08	2,589.57	1,296,975	14,783.39	14,782.73	64,545	4,075.82	4,075.82	6	0.81	0.81	1,930,255	21,519.10	21,448.93
	कुल	**6,787,819**	**27,072.11**	**26,949.36**	**8,859,629**	**96,785.31**	**96,325.05**	**434,362**	**36,738.88**	**36,416.62**	**10,804**	**1,606.12**	**1,593.92**	**16,092,614**	**162,202.42**	**161,284.96**

* अनंतिम

कुछ एनबीएफसी और एनबीएफसी-एमएफआई का ज़िलेवार डाटा उपलब्ध नहीं है

स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य ऋणदात्री संस्थानों (एमएलआई) द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार